RNI No. 26281/74 रजि. नं. पी.बी./जे.एल–011/2018-20

ओ३म्

कृण्वन्तो विश्वमार्यम्

साप्ताहिक

# आर्य मर्यादा

आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब का प्रमुख पत्र

वर्ष: 75, अंक : 16 एक प्रति 2 : रुपये
रविवार 1 जुलाई, 2018
विक्रमी सम्वत् 2075, सृष्टि सम्वत् 1960853119
दयानन्दाब्द : 194 वार्षिक शुल्क : 100 रुपये
आजीवन शुल्क : 1000 रुपये
दूरभाष : 0181-2292926, 5062726
E-mail: apspunjab2010@gmail.com,
www.aryapratinidhisabha.org

वर्ष–75, अंक : 16, 28 जून-1 जुलाई 2018 तदनुसार 17 आषाढ़ सम्वत् 2075 मूल्य 2 रु०, वार्षिक 100 रु० आजीवन 1000 रु०

आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब (रजि.), के कार्यालय गुरुदत्त भवन, चौक किशनपुरा जालन्धर में 24 जून 2018 को पंजाब की समस्त आर्य समाजों के प्रधान, मंत्री एवं कोषाध्यक्ष की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के प्रधान श्री सुदर्शन शर्मा जी ने की। इस बैठक में सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा नई दिल्ली के प्रधान श्री सुरेश चन्द्र जी, मा.रामपाल जी प्रधान आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा, श्री उम्मेद शर्मा जी महामंत्री आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा एवं दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के महामंत्री श्री विनय आर्य जी, कोषाध्यक्ष श्री विद्यामित्र ठुकराल विशेष रूप से पधारे। इस कार्यक्रम की सचित्र झलकियां।



आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के कार्यालय की यज्ञशाला में हवन यज्ञ करते हुये आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के प्रधान श्री सुदर्शन शर्मा जी, आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के प्रधान श्री मास्टर रामपाल जी, चौधरी ऋषिपाल सिंह जी, दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के महामंत्री श्री विनय आर्य जी, श्री प्रो. स्वतंत्र कुमार जी उप प्रधान एवं अन्य।



आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के कार्यालय की यज्ञशाला में हवन यज्ञ करते हुये आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के प्रधान श्री सुदर्शन शर्मा जी, आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के प्रधान श्री मास्टर रामपाल जी, चौधरी ऋषिपाल सिंह जी, दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के महामंत्री श्री विनय आर्य जी, श्री प्रो. स्वतंत्र कुमार जी उप प्रधान एवं अन्य।



आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के कार्यालय की यज्ञशाला में हवन के पश्चात आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के प्रधान श्री सुदर्शन शर्मा जी, आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के प्रधान श्री मास्टर रामपाल जी को आशीर्वाद देते हुये आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के उप प्रधान श्री सरदारी लाल जी, महामंत्री श्री प्रेम भारद्वाज जी एवं अन्य।




आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के कार्यालय में पंजाब की समस्त आर्य समाजों के प्रधान, मंत्री एवं कोषाध्यक्ष की बैठक में पधारने पर सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा नई दिल्ली के प्रधान श्री सुरेश चन्द्र आर्य जी का स्वागत करते हुये आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के प्रधान श्री सुदर्शन शर्मा जी।



भजन प्रस्तुत करते हुये सभा के भजनोपदेशक श्री अरुण वेदालंकार जी।



आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के प्रधान मास्टर रामपाल जी आर्य का स्वागत करते हुये आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के प्रधान श्री सुदर्शन शर्मा जी।



आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के महामंत्री श्री उम्मेद शर्मा जी का स्वागत करते हुये आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के प्रधान श्री सुदर्शन शर्मा जी।




मंच पर विराजमान श्री विनय आर्य जी, श्री सरदारी लाल जी आर्य, सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान श्री सुरेश चन्द्र आर्य, श्री सुदर्शन शर्मा, श्री मास्टर रामपाल, श्री उम्मेद शर्मा।



सभा कार्यालय के सभागार में उपस्थित पंजाब की समस्त आर्य समाजों के प्रधान, मंत्री एवं कोषाध्यक्ष की बैठक में भाग लेते हुये आर्यजन।



दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के महामंत्री श्री विनय आर्य जी का स्वागत करते हुये आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के प्रधान श्री सुदर्शन शर्मा जी।



दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के कोषाध्यक्ष श्री विद्यामित्र ठुकराल का स्वागत करते हुये आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के प्रधान श्री सुदर्शन शर्मा जी।



मंच का संचालन करते हुये आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के महामंत्री श्री प्रेम भारद्वाज जी एवं उपस्थित जनसमूह।

# आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब का कार्यकर्त्ता सम्मेलन उत्साहपूर्ण सम्पन्न

आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब (रजि), का कार्यकर्त्ता महासम्मेलन सभा कार्यालय गुरुदत्त भवन चौक किशनपुरा जालन्धर के सभागार में सभा प्रधान श्री सुदर्शन शर्मा जी की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रात: 9:00 बजे हवन यज्ञ के द्वारा प्रारम्भ हुआ। यज्ञ के ब्रह्मा सभा के विद्वान् श्री सुरेश शास्त्री जी थे। आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के प्रधान श्री सुदर्शन शर्मा तथा आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के प्रधान मास्टर रामपाल आर्य ने यजमान पद को सुशोभित किया। सभी आर्यजनों ने बड़ी श्रद्धा के साथ यज्ञ में आहुतियां ड़ाली तथा पुष्पवर्षा करते हुए यजमानों को आशीर्वाद प्रदान किया। यज्ञ के पश्चात सभी ने प्रात: राश ग्रहण किया। ठीक 11:00 बजे कार्यकर्ता सम्मेलन आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के मुख्य सभागार में प्रारम्भ हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा नई दिल्ली के प्रधान श्री सुरेश चन्द्र जी आर्य, आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के प्रधान मा.रामपाल आर्य जी, महामंत्री श्री उम्मेद शर्मा जी, दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के महामंत्री श्री विनय आर्य जी और कोषाध्यक्ष श्री विद्यामित्र ठुकराल विशेष रूप से पधारे। यह सम्मेलन पंजाब में अंधविश्वास के निर्मूलन और आर्य जनता में जागृति लाने के लिये बुलाया गया था जिसमें पंजाब की विभिन्न आर्य समाजों के लगभग 350 के करीब कार्यकर्त्ताओं ने भाग लिया। सबसे पहले आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के प्रधान श्री सुदर्शन शर्मा जी, महामन्त्री श्री प्रेम भारद्वाज जी, उप प्रधान श्री सरदारी लाल जी, सभा कोषाध्यक्ष श्री सुधीर शर्मा जी, उप प्रधान चौधरी ऋषिपाल सिंह जी, उप प्रधान श्री स्वतन्त्र कुमार जी ने सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान श्री सुरेश चन्द्र आर्य, हरियाणा सभा के प्रधान श्री रामपाल आर्य, महामन्त्री श्री उम्मेद शर्मा, दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के महामन्त्री श्री विनय आर्य जी, कोषाध्यक्ष श्री विद्यामित्र जी ठुकराल का पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया। स्वागत समारोह के पश्चात सभा के भजनोपदेशक श्री अरूण वेदालंकार जी ने प्रभु भक्ति एवं ऋषि महिमा के भजन सुनाकर सबको वेद मार्ग पर चलने का सन्देश दिया। आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के प्रधान श्री सुदर्शन शर्मा जी ने सभी गणमान्य महानुभावों तथा पंजाब की समस्त आर्य समाजों से उपस्थित आर्य समाज के अधिकारियों का स्वागत किया और कहा कि आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यकर्ता सम्मेलन में मैं आप सभी का स्वागत करता हूँ। आज इस कार्यकर्ता सम्मेलन के माध्यम से मैं आप सभी को सन्देश देना चाहता हूँ कि महर्षि दयानन्द सरस्वती जी ने आर्य समाज की स्थापना करके कोई नया मत या मजहब खड़ा नहीं किया था। महर्षि दयानन्द जी ने श्रेष्ठ लोगों के समूह को आर्य समाज का नाम दिया था जो समाज में फैली बुराईयों को दूर करने में अपना योगदान दे सकते थे। आर्य समाज एक क्रान्तिकारी और सुधारवादी संगठन है जिसने हमेशा कुरीतियों एवं बुराईयों के खिलाफ आवाज उठाई है। महर्षि दयानन्द सरस्वती जी का सपना कृण्वन्तो विश्वमार्यम् का था जो पूरे संसार को आर्य बनाना चाहते थे। वे एक ऐसे समाज का निर्माण करना चाहते थे जिसमें जाति , धर्म के आधार पर किसी से भेदभाव न हो, जिस समाज में पाखण्ड़ और अन्धविश्वास न हो। ऐसे समाज की स्थापना के लिए महर्षि दयानन्द सरस्वती जी ने आर्य समाज के नौवें नियम में लिखा कि प्रत्येक को अपनी ही उन्नति में सन्तुष्ट नहीं रहना चाहिए अपितु सबकी उन्नति में अपनी उन्नति समझनी चाहिए।

आर्य बन्धुओं! आज आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब का इस कार्यकर्ता सम्मेलन को बुलाने का उद्देश्य यही है कि हम सभी एकजुट होकर अपने-अपने क्षेत्र में आर्य समाज का प्रचार एवं प्रसार करें। अपने-अपने क्षेत्र में आर्य समाज की गतिविधियों को बढ़ाएं, लोगों को धर्म के नाम पर हो रहे पाखण्ड़ और अन्धविश्वास से बचाएं। आज भी बहुत सा पाखण्ड़ और अन्धविश्वास फैल रहा है, रोज नए-नए बाबा धर्म के नाम पर लोगों को भ्रमित कर रहे हैं और अपना उल्लू सीधा कर रहे हैं। भोली-भाली जनता इन बाबाओं के मोहपाश में फंसकर अपना शोषण करवा रही है। इसलिए आर्य समाज का यह परम कर्त्तव्य बन जाता है कि लोगों को उन पाखण्ड़ियों के जाल से मुक्त करने के लिए उन्हें जागरूक करें। लोगों के बीच में यज्ञ करें, वैदिक साहित्य बाँटें। आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के द्वारा सम्पूर्ण वैदिक साहित्य, वेदों के सैट, अन्य पुस्तकें आधे मूल्य पर दी जाती हैं। इस कार्यकर्ता सम्मेलन में हम एक रूपरेखा तैयार करें कि किस प्रकार आर्य समाज के प्रचार-प्रसार को गति दी जाए। यह कार्यकर्ता सम्मेलन तभी सार्थक होगा अगर हम यहां से कुछ प्रेरणा लेकर आर्य समाज की गतिविधियों को बढ़ाते हुए पाखण्ड़ और अन्धविश्वास को दूर करेंगे।


अंत में पुन: एक बार आप सभी का हार्दिक अभिनन्दन करते हुए मैं पंजाब की समस्त आर्य समाजों से अनुरोध करता हूँ कि 25 अक्तूबर से 28 अक्तूबर 2018 तक नई दिल्ली में अन्तर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस महासम्मेलन में बढ़-चढ़ कर भाग लेते हुए अपने संगठन की शक्ति और एकता का परिचय दें। हम सभी मिलकर पाखण्ड़ और अन्धविश्वास को दूर करते हुए अपने-अपने क्षेत्र में आर्य समाज का प्रचार और प्रसार बढ़ाएं। सभा के वरिष्ठ उपप्रधान श्री सरदारी लाल जी आर्य ने अपना उद्‌बोधन करते हुए कहा कि वेद हमारा धर्म है, यज्ञ हमारी पहचान, ईश हमारा ओ३म् है, आर्य हमारा नाम। मंच का संचालन कर रहे सभा के महामन्त्री श्री प्रेम भारद्वाज जी ने महाशय धर्मपाल जी द्वारा आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के प्रधान श्री सुदर्शन शर्मा जी के नाम लिखा हुआ पत्र पढ़कर सुनाया। इस पत्र में उन्होंने अपनी शुभकामनाएं सभी आर्यजनों को दी थी और इच्छा व्यक्त की थी कि संगठन की एकता से आर्य समाज नई मजबूती के साथ उभर कर सामने आएगा। आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के महामन्त्री श्री उम्मेद शर्मा जी ने अपने विचारों के द्वारा सभी आर्य महानुभावों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि आज पंजाब की पवित्र भूमि पर ऐसा कार्यक्रम आयोजित हो रहा है जो सम्पूर्ण भारतवर्ष को एक नई दिशा दे सकता है। राष्ट्र को मजबूत बनाने के लिए ब्रह्म बल और क्षात्र बल दोनों आवश्यक हैं। पंजाब की भूमि से स्वामी श्रद्धानन्द जी ने सर्वं वै पूर्णं की भावना से त्याग का जो आदर्श स्थापित किया है वो अनुकरणीय है। आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के प्रधान मा. रामपाल आर्य जी ने कहा कि मैं स्वामी श्रद्धानन्द जी की पावन भूमि को नमन करता हूं। आज हमें इस अवसर पर यह विचार करना है कि वेद प्रचार के कार्यों में जो शिथिलता आई है उसे कैसे दूर किया जाए? उन्होंने कहा कि हम सभी ने कसम खाई है कि हम एकजुट होकर आर्य समाज का प्रचार-प्रसार करेंगे। आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा ने 14 वेद प्रचार रथों की स्थापना करके आर्य समाज के कार्य को मजबूती प्रदान की है। वेद प्रचार रथों के माध्यम से हरियाणा के गांव-गांव में प्रचार हो रहा है। दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के महामन्त्री श्री विनय आर्य जी ने विस्तार से आर्य समाज की गतिविधियों को बताते हुए सभी को अन्तर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन में पधारने का निमन्त्रण दिया। उन्होंने कहा कि मैं विशेष रूप से जालन्धर की भूमि को नमन करता हूं। श्री विनय आर्य जी ने आश्वासन दिया कि पंजाब, हरियाणा और दिल्ली एक ही थे और हमेशा एक ही रहेंगे। हमारी एकता किसी स्वार्थ के लिए नहीं अपितु आर्य समाज की उन्नति के लिए हुई है। हम तीनों सभाओं



कार्यकर्त्ताओं की बैठक को सम्बोधित करते हुये आर्य प्रतिनिधि सभापंजाब के प्रधान श्री सुदर्शन शर्मा जी।



कार्यकर्त्ताओं को सम्बोधित करते हुये सभा उपप्रधान श्री सरदारी लाल जी।



पंजाब के कार्यकर्त्ताओं को सम्बोधित करते हुये आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के प्रधान श्री मास्टर रामपाल जी आर्य।




पंजाब के कार्यकर्त्ताओं को सम्बोधित करते हुये दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के महामंत्री श्री विनय आर्य जी।



पंजाब के कार्यकर्त्ताओं को सम्बोधित करते हुये आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के महामंत्री श्री उम्मेद शर्मा जी।



पंजाब के कार्यकर्त्ताओं को सम्बोधित करते हुये सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान श्री सुरेश चन्द्र आर्य।



पंजाब के कार्यकर्त्ताओं को सम्बोधित करते हुये आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के महामंत्री श्री प्रेम भारद्वाज जी।



कार्यकर्त्ता सम्मेलन में बैठी हुई सभा प्रधान श्री सुदर्शन शर्मा जी की धर्मपत्नी श्रीमती गुलशन शर्मा जी एवं अन्य।



भजन प्रस्तुत करते हुये श्री अरुण वेदालंकार




मंच पर विराजमान सार्वदेशिक सभा के प्रधान श्री सुरेश चन्द्र आर्य एवं आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के प्रधान श्री सुदर्शन शर्मा।



कार्यकर्त्ता सम्मेलन में उपस्थित जनसमूह।



कार्यकर्त्ता सम्मेलन में उपस्थित जनसमूह।



कार्यकर्त्ता सम्मेलन में उपस्थित जनसमूह।



कार्यक्रम से पूर्व संयुक्त चित्र खिंचवाते हुये पदाधिकारी एवं अन्य।



कार्यकर्त्ता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुये आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के उप प्रधान श्री स्वतंत्र कुमार जी।



कार्यक्रम के पश्चात बैठक करते हुये तीनों सभाओं के पदाधिकारी



कार्यक्रम में सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान श्री सुरेश चन्द्र आर्य जी को सम्मानित करते हुये सभा के प्रधान श्री सुदर्शन शर्मा जी।



कार्यक्रम में दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के महामंत्री श्री विनय आर्य जी को सम्मानित करते हुये सभा के प्रधान श्री सुदर्शन शर्मा जी।



कार्यक्रम में आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के प्रधान श्री मास्टर रामपाल आर्य जी को सम्मानित करते हुये सभा के प्रधान श्री सुदर्शन शर्मा जी।



कार्यक्रम में आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के महामंत्री श्री उम्मेद शर्मा जी को सम्मानित करते हुये सभा के प्रधान श्री सुदर्शन शर्मा जी।



कार्यक्रम में दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा की तरफ से पधारे श्री सुरेश गुप्ता जी मंत्री को सम्मानित करते हुये सभा के प्रधान श्री सुदर्शन शर्मा जी।



सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान श्री सुरेश चन्द्र आर्य जी सभा प्रधान श्री सुदर्शन शर्मा जी को सम्मानित करते हुये।

के ऊपर आर्य समाज के भविष्य की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि अगर आज हम मिलकर आर्य समाज की (शेष पृष्ठ 6 पर)

उन्नति के लिए कार्य करेंगे तो आने वाली पीढ़ियों को हम पर गर्व होगा। अन्तर्राष्ट्रीय महासम्मेलन का निमन्त्रण देते हुए उन्होंने कहा कि आप अपने बच्चों, पोते-पोतियों को भी इस अवसर पर साथ लेकर आएं। उन्होंने बड़े उत्साह के साथ सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान श्री सुरेशचन्द्र आर्य जी ने अपना उद्‌बोधन देते हुए कहा कि 8 फरवरी 2016 को सार्वदेशिक सभा का प्रधान बनने के पश्चात आज मैं पहली बार पंजाब की भूमि पर पधारते हुए महान् सन्यासी स्वामी श्रद्धानन्द जी की भूमि को नमन करता हूं। उन्होंने प्रसन्नता प्रकट करते हुए कहा कि उत्तर भारत की तीनों सभाएं अगर मिलकर आर्य समाज का कार्य करेंगी तो ये पूरे भारतवर्ष का नेतृत्व करते हुए आर्य समाज के कार्य को नई दिशा देने का कार्य होगा। आज हमें यही चिन्तन करना है कि ऋषि दयानन्द अकेले थे, स्वामी श्रद्धानन्द अकेले थे, प्रचार-प्रसार के सीमित साधन थे परन्तु फिर भी उन्होंने आर्य समाज का इतना कार्य किया है तो हम सभी मिलकर आज के युग में उतना कार्य क्यों नहीं कर सकते। आज हमें आर्य समाज के आध्यात्मिक पक्ष को मजबूत करने की आवश्यकता है। ऋषि दयानन्द की महिमा गाते हुए उन्होंने भजन की पंक्तियां सुनाई। मंच का संचालन करते हुए आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के महामंत्री श्री प्रेम भारद्वाज जी ने कहा कि पंजाब ने आर्य समाज के संगठन को बहुत से क्रान्तिकारी दिये। देश की आजादी के लिये लगभग 85 प्रतिशत आर्य महानुभावों ने अपना योगदान दिया। कार्यक्रम के अन्त में सभी विशिष्ठ महानुभावों को सत्यार्थ प्रकाश भेंट कर सम्मानित किया। सभा उपप्रधान श्री स्वतन्त्र कुमार ने सभी पधारे हुए महानुभावों का धन्यवाद किया। शान्तिपाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के प्रधान श्री सुदर्शन शर्मा जी को 25 अक्तूबर से 28 अक्तूबर 2018 तक होने वाले अंतर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन का निमंत्रण पत्र देते हुये सार्वदेशिक सभा के प्रधान श्री सुरेश चन्द्र जी आर्य।



25 अक्तूबर से 28 अक्तूबर 2018 तक होने वाले अंतर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन का पोस्टर जारी करते हुये सार्वदेशिक सभा के प्रधान श्री सुरेश चन्द्र जी आर्य एवं पंजाब सभा के प्रधान श्री सुदर्शन शर्मा जी।



कार्यकर्त्ता सम्मेलन में वक्ताओं को सुनते हुये आर्यजन।



कार्यकर्त्ता सम्मेलन में वक्ताओं को सुनते हुये आर्यजन।




24 जून 2018 को आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब (रजि.) के कार्यालय गुरुदत्त भवन, चौक किशनपुरा जालन्धर में विशाल कार्यकर्त्ता सम्मेलन में पधारे सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान श्री सुरेश चन्द्र आर्य, आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब, दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा नई दिल्ली और आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के पदाधिकारी मंच पर विराजमान आर्य नेता।



सभा प्रधान श्री सुदर्शन शर्मा जी को स्मृति चिन्ह देते हुये सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान श्री सुरेश चन्द्र आर्य जी।



सभा अधिकारियों के साथ आर्य जनता।



आर्य जनता को सम्बोधित करते हुये आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के महामंत्री श्री प्रेम भारद्वाज जी।



मंच पर विराजमान आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के कोषाध्यक्ष श्री सुधीर शर्मा जी एवं उप प्रधान चौधरी ऋषिपाल सिंह जी एडवोकेट।




कार्यकर्त्ता सम्मेलन के समापन पर शांति पाठ का उच्चारण करते हुये मंच पर विराजमान आर्य नेता।

श्री प्रेम भारद्वाज महामन्त्री, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक द्वारा गायत्री प्रिंटिंग प्रैस, मण्डी रोड जालन्धर से मुद्रित होकर आर्य मर्यादा कार्यालय, गुरुदत्त भवन, चौक किशनपुरा, जालन्धर से इसकी स्वामिनी आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के लिए प्रकाशित हुआ। **E-mail: apspunjab2010@gmail.com, www.aryapratinidhisabha.org**
आर्य मर्यादा में प्रकाशित सारी लेखन सामग्री से सम्पादक का सहमत होना आवश्यक नहीं। प्रत्येक विवाद के लिए न्याय क्षेत्र जालन्धर होगा।